सेवा में

महानिबंधक
माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद

द्वारा

जनपद न्यायाधीश
सिद्धार्थनगर

विषय वित्तीय वर्ष २०२०-२१ व २०२१-२२ का चल-अचल संपत्ति के विवरण के प्रेषण के संबंध में,

महोदय,

अति विनम्र निवेदन है कि वित्तीय वर्ष २०२०-२१ एवं २०२१-२२ के चल-अचल संपत्ति के विवरण को ई-सर्विसेज जे. ओ. पोर्टल पर प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया है। इस संबंध में निवेदन करना है कि प्रार्थी के दुर्घटना हो जाने के फलस्वरूप चिकित्सीय अवकाश पर रहने एवं अन्यत्र जिले में स्थानान्तरण हो जाने के दौरान चल -अचल संपत्ति से सम्बन्धित विभिन्न प्रपत्रों के अस्त-व्यस्त हो जाने के कारण ई-सर्विसेज जे. ओ. पोर्टल पर सूचना प्रेषित किये जाने में विलम्ब कारित हुआ है। अतः कारित विलम्ब, क्षमा करते हुए उपरोक्त विवरण प्रपत्र माननीय न्यायालय के समक्ष स्वीकृति हेतु प्रस्तुत करने की महती कृपा की जाये।

ससम्मान ।

भवदीय

अशोक कुमार 29/8/23

(अशोक कुमार-नवम्)
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश
न्यायालय कक्ष सं०-१, सिद्धार्थनगर।